कार्यालय प्राचार्य, महात्मा गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
खरसिया, जिला– रायगढ़ (छ.ग.)

क्र. Q /स्था./2021 खरसिया, दिनांक 16.01.2021

प्रति,

कुल सचिव,

अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर

विषयः– ''महात्मा गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय खरसिया'' **(Mahatma Gandhi Govt. P. G. College Kharsia)** के नाम से महाविद्यालय का संबद्धता पत्र जारी करने बावत्।

विषयान्तर्गत सादर लेख है कि उच्च शिक्षा विभाग के द्वारा बिलासपुर संभाग के 19 महाविद्यालयों को सत्र 2020–21 में नैक मूल्यांकन कराने के लिए चुना गया है, जिसमें महात्मा गांधी शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय खरसिया भी शामिल है। नैक मूल्यांकन के लिए पंजीयन कराते समय महाविद्यालय के नाम को लेकर निम्नानुसार समस्या आ रही है।

1. स्थापना के समय, 1964 में महाविद्यालय का नाम Muncipal Arts & Commerce College Kharsia था।
2. उसके बाद, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, बहादुर शाह जफर मार्ग नई दिल्ली के द्वारा 2(f) में पंजीकृत करते हुए पत्र क्र. एफ. 8–31/87 (CPP-1) दिनांक 9 दिसम्बर 1987 के अनुसार, उपरोक्त नाम परिवर्तित होकर Govt. Arts & Commerce College Kharsia हुआ। तब से लेकर आज तक वित्त मामले में यही नाम अस्तित्व में है अर्थात् महाविद्यालय प्राचार्य को Principal, Govt. Arts & Commerce College Kharsia के नाम से आहरण एवं संवितरण अधिकार प्राप्त है। परन्तु प्रशासनिक दृष्टि से ''महात्मा गांधी शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय खरसिया'' नाम अस्तित्व में है। कभी–कभी ''एम जी शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय खरसिया'' नाम भी प्रचलन में है।
3. सन् 2005 में Govt. Arts & Commerce College Kharsia नाम से महाविद्यालय का नैक मूल्यांकन हुआ।

4. AISHE में M.G.Govt.Arts/Sc.College, Kharsia, Raigarh नाम दर्ज है। (C-22410)
5. वर्तमान में महाविद्यालय को स्नातकोत्तर का दर्जा दिए जाने के फलस्वरूप ''महात्मा गांधी शासकीय कला एवं विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय खरसिया'' नाम हो गया है, परन्तु विभाग में, विश्वविद्यालय में, महाविद्यालय के वेबसाइट में, विभिन्न आयोजनों में ''महात्मा गांधी शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय खरसिया'' ही चल रहा है।

उपरोक्त सभी स्थितियों को ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय का एक सही नाम होना आवश्यक है, जिस नाम पर महाविद्यालय का नैक मूल्यांकन किया जा सके। अतः नैक के सुझाव के आधार पर **''महात्मा गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय खरसिया'' (Mahatma Gandhi Govt. P. G. College Kharsia)** अपडेट करते हुए इसी नाम से महाविद्यालय का सम्बद्धता पत्र भेजने की कृपा करें, जिससे नैक मूल्यांकन अबाधित पूर्ण हो सके।

धन्यवाद।

(डॉ.पी.सी.घृतलहरे)
प्राचार्य
एम.जी. शास. कला एवं विज्ञान स्नातकोत्तर
महाविद्यालय खरसिया, जिला– रायगढ़ छ.ग.